




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 280 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 26 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत..!

**नीमच, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले की नयागांव चौकी क्षेत्र में देवेंद्र कुमार पिता नारायण दुबे उम्र 65 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के सदस्यों के मुताबिक अचानक तबीयत बिगडने पर उन्हें नीमच के बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

शुक्रवार को अस्पताल की पुलिस चौकी के निर्देश पर मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक मौत का सही कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। डॉक्टरों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। पुलिस ने बताया कि वे हर पहलू की जांच कर रहे हैं। परिजनों से पूछताछ जारी है। जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या दिवंगत को पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या थी। पुलिस ने आश्वासन दिया कि जांच पूरी होने के बाद सचाई सामने लाई जाएगी।

# जिले के सरकारी स्कूलों में भी सुरक्षित नहीं बच्चे..!

## हर साल प्रस्ताव की औपचारिता, बजट बन जाता रोड़ा, झालावाड़ की घटना के बाद जागना जरूरी

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। झालावाड़ में जर्जर सरकारी स्कूल भवन में हुए हादसे में करीब आठ मासूमों की मौत हो गई। वहीं कई घायल हो गए। मंदसौर जिले के सरकारी स्कूलों में भी बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हर साल प्रस्ताव की औपचारिकता निभाई जा रही है। वहीं बजट स्कूलों की मरम्मतों के बीच रोडा बन रहा है। बारिश में जर्जर भवन ज्यादा खतरा बन रहे हैं। इधर जो बजट विभाग द्वारा दिया जाता है, उसे भी निकाल लिया जाता है। पर, उससे भी रिपेरिंग नहीं कराई जाती, बल्कि रशीबका दुरूपयोग किया जाता हैं?**

### 279 जर्जर, आठ को करना होगा डिस्मेंटल...

मंदसौर जिले के 279 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल ऐसे हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। इन स्कूलों में 12 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ते हैं। इन पौने तीन सौ से ज्यादा स्कूलों में कहीं स्लैब टूट रहा है या छत, फर्श, शौचालय की स्थिति खराब है। इसके अलावा जिले में 08 स्कूल ऐसे हैं, जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। इन्हें तोड़ा यानि डिस्मेंटल किया जाना हैं। हर साल की तरह इस साल भी जिला शिक्षा केंद्र ने जिले के इन स्कूलों से जानकारी संकलित कर बजट का प्रपोजल भेज दिया है। सभी स्कूलों में करीब 05 करोड़ 36 लाख रुपए की आवश्यकता है।

### 2019 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए थे 69 स्कूल...

2019 में जिले में हुई अतिवृष्टि के चलते बारिश व अन्य कारणों से 69 स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इनकी मरम्मत के लिए सर्व शिक्षा अभियान के तहत राज्य शिक्षा केंद्र भेजा। 98 लाख 50 हजार के प्रस्ताव को आज तक मंजूरी नहीं मिली है। शासन से स्कूल की मरम्मत कराए बिना ही संचालन शुरु करने के लिए आदेश दे दिए। आज तक वह राशि नहीं मिल पाई है। स्थायीन स्तर पर भी प्राथमिक और मिडिल स्कूलों का निरीक्षण कराया गया था। इसमें ऐसे स्कूल भवन मिले, जिनकी मरम्मत करना बेहद आवश्यक है। कई ऐसे स्कूल भवन की छत से पानी टपकता रहता है, इससे बच्चे बैठ भी नहीं पाते हैं। स्कूल का प्रवेश द्वार भी क्षतिग्रस्त हो गया है। कई जगह से छत का प्लास्टर गिर रहा है।




### 80 साल पुराना भवन जर्जर..

जिला मुख्यालय पर ही प्रमुख स्कूलों की स्थिति देखकर सरकारी स्कूल भवनों की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। एक हजार से ज्यादा छात्राओं वाले महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल की हालत बेहद खराब है। 80 से अधिक साल पुरानी दीवारें जर्जर हो रही हैं। शौचालय के पास बारिश का पानी भरा होने से छात्राओं को हर दिन परेशान होना पड़ता है। विद्यालय को सांदीपनी विद्यालय बनाने की घोषणा भी हो चुकी है। लेकिन, अब तक जिला शिक्षा विभाग को भवन निर्माण के लिए जगह ही नहीं मिल पाई है।

## यह कैसी हरकत...?

# अस्पताल कर्मचारी बुजुर्ग को ऑटो में डालकर बस स्टैंड छोड़ने पहुंचे

## लोगों ने किए सवाल-जवाब, वापिस ऑटो में डालकर ले गए

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला अस्पताल के कर्मचारियों का अमानवीय चेहरा फिर सामने आया। बड़े अस्पताल के दो आउटसोर्स कर्मचारी बीमार बुजुर्ग को चादर में उठाकर बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय में छोडक़र जाने लगे। जब लोगों ने कहा कि वे कलेक्टर से शिकायत करेंगे तो कर्मचारी बुजुर्ग को वापस ऑटो में लिटाकर ले गए। लोगों ने भडक़ते हुए कहा, मरीज को मरना होगा तो वो अस्पताल में ही जान देगा न। इस तरह लावारिस क्यों छोडना है। इस पर कर्मचारी कहने लगे कि हमारा अधिकारी जो कहेगा, वैसा ही करेंगे। मामला गुरुवार रात का है, जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया है।

बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय के ऊपर स्थित कार्यालय के शैलेंद्र सिसोदिया ने बताया कि बुजुर्ग की हालत सही नहीं थी और उन्हें उपचार की जरूरत थी। बड़े अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत ने बताया, बुजुर्ग बाबूलाल देवा खून की कमी और बुखार के कारण शनिवार को वार्ड में भर्ती हुए थे। फिजिशियन ने उनका इलाज किया। उन्हें 03 यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया। हालत में सुधार होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। मरीज के साथ कोई अटेंडर नहीं होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। कर्मचारियों को मरीज को स्ट्रेचर और एम्बुलेंस से ले जाना था, लेकिन वे कपड़े का स्ट्रेचर बनाकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, जो गलत है।



### बड़े अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारी हैं युवक...

वीडियो में दिख रहे कर्मचारियों की पहचान आकाश गौहर और कमलेश टांक के रूप में हुई है। दोनों बड़े अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारी हैं। मरीज को बस स्टैंड भेजे जाने के सवाल पर सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत ने बताया कि डॉक्टर सिर्फ डिस्चार्ज कर सकते हैं। इसके बाद स्टाफ पुलिस चौकी को मरीज के बारे में सूचना देता है। हो सकता है कि कर्मचारियों को चौकी से ही निर्देश मिले होंगे।

### बात करने की स्थिति में नहीं है बुजुर्ग...

आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि वे पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक भरत के कहने पर बुजुर्ग को बस स्टैंड छोड़ने गए थे। मरीज के साथ कोई अटेंडर न होने की वजह से आरक्षक ने ही यह सलाह दी थी।

# अब नए नवेले दुल्हों को भी सता रहा डर...

## सोनम-राजा केस के बाद दिख रहा तनाव

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अभी शादियों का दौर नहीं है। लेकिन, यह शोर तेज है कि स्त्रियों के हाथों मर्दों की जिंदगी खतरे में है। इसलिए चट मंगनी पट ब्याह का पारंपरिक चलन कमजोर हुआ है। शादी के इच्छुक युवा विवाह से पहले ज्यादा सतर्कता बरत रहे हैं। जासूसों और रिश्तेदारों के जरिए भावी जीवनसाथी के बारे में खोज खबर और छानबीन करवा रहे हैं। मनोवैज्ञानिक युवाओं की इस मानसिक स्थिति को स्पाउस क्राइम सिंड्रोम बता रहे हैं। उनका कहना है कि मेरठ के ब्लू ड्रम मामले और इंदौर का चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड ने युवाओं के मन में डर पैदा कर दिया है। इसलिए वह जल्दबाजी में शादी के फैसले से कतरा रहे हैं।

वैवाहिक काउंसलरों के अनुसार, स्पाउस क्राइम सिंड्रोम के मामलों में अचानक वृद्धि के कारण युवा संभावित जीवनसाथी में नकारात्मकता के भाव की छानबीन कर रहे हैं। विवाह को अंतिम रूप देने से पहले पत्नी के स्वभाव और परिवार को बेहतर ढंग से समझने के लिए छह से आठ महीने का समय ले रहे हैं।



### टल रहीं शादियां...

एक युवक ने शादी के निमंत्रण पत्र छपवाने के बावजूद अपनी शादी की तिथि डर की आशंका में कैंसिल कर दी। दुल्हन के परिवार ने जल्द शादी का आग्रह किया था। लेकिन, युवक ने अपनी मंगेतर को बेहतर तरीके से जानने के लिए शादी छह से सात महीने टाल दी है। इस तरह के मामले और भी हैं।

### जान पहचान होने के बावजूद भरोसा नहीं...

बीते 6 महीने में 8 से ज्यादा लडक़ों के माता-पिता अपनी परेशानी लेकर पहुंचे हैं। जान-पहचान की लडक़ी होने के बाद भी शादी के लिए भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं बीते 6 महीने में पति- पत्नी के बीच अनबन के मामले भी बढ़े हैं। परामर्श केंद्रों से पता चला है कि ज्यादा से ज्यादा जोड़े वफादारी और सुरक्षा को लेकर अपने संदेह दूर करने के लिए मदद मांग रहे हैं।

– डॉ. दीप्ति सिंघल, सलाहकार और मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

# तांत्रिक के कहने पर भाई को बता रहे भैंस चोर

## छोटे भाई ने थाने में की शिकायत, दूसरे पक्ष ने भी दिया आवेदन

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांधी सागर थाने में गुरुवार को अनोखा मामला सामने आया। यहां राजस्थान के एक तांत्रिक के कहने पर एक व्यक्ति पर भैंस चोरी का आरोप लगा दिया गया।

इससे परेशान होकर पीड़ित के बड़े भाई प्रकाश मीणा थाने पहुंचे। उन्होंने तांत्रिक और उसे चोर साबित करने वाले के खिलाफ शिकायत की। प्रकाश के मुताबिक, सावन कोटड़ी निवासी पीरु लाल गुर्जर की भैंस चोरी हो गई। कहीं पता नहीं चलने पर वह अलवर (राजस्थान) के एक तांत्रिक के पास पहुंचा। वहां उसे 54 हजार रुपए दिए। इसके बाद तांत्रिक ने मेरे भाई बंटी मीणा पर चोरी का आरोप लगा दिया।

प्रकाश का कहना है कि मेरे भाई को जबरन चोर बताया जा रहा है। पहले भी उस पर इस तरह के आरोप लगे थे। पुलिस जांच में कुछ नहीं मिला था। कई दिनों से परिवार को परेशान किया जा रहा है। प्रकाश ने कहा कि इस चोरी से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हमारी प्रतिष्ठा खराब की जा रही है। हमें धमकाया जा रहा है। वहीं जैसे ही पीरु लाल को जानकारी मिली कि उनके खिलाफ गांधी सागर थाने में आवेदन गया है, वे लोग भी आवेदन लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि धावत बुजुर्ग के बंटी मीणा ने उनकी भैंस चुराई है। राजू और पाचू ने उन्हें भैंस ले जाते हुए देखा है।मामले में गांधी सागर थाने के उप निरीक्षक दौलत सिंह पंवार ने कहा कि आवेदन आया है। अभी केस दर्ज नहीं किया गया है। जांच जारी है। उपनिरीक्षक का कहना है कि किसी ज्योतिष के कहने पर कैसे किसी व्यक्ति को चोर साबित किया जा सकता है।



### लगातार तीन दिन बंद रहेंगे स्कूल-ऑफिस, बैंक

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नौकरी पेशे वाले लोगों को एक बार फिर से लंबा वीकेंड मिलने वाला है। अगस्त के महीने में कई सारी सरकारी छुट्टी मिलने वाली है। बता दें कि आने वाले दिनों में आप परिवार, दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते है। अगस्त के महीने में लगातार तीन दिनों का अवकाश मिल रहा है। इन लगातार छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए यात्रा की योजना बनाई जा सकती है।

### कब-कब रहेगी छुट्टी...

जानकारी के लिए बता दें कि अगस्त की 15, 16 और 17 तारीख को तीन दिनों का लंबा वीकेंड मिलने वाला है। मध्यप्रदेश के सरकारी कलेंडर के मुताबिक 15 अगस्त के दिन शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी रहेगी। सभी बैंक, स्कूल, ऑफिस बंद रहेंगे। 16 अगस्त को जनमाष्टमी की छुट्टी रहेगी। 17 अगस्त को रविवार की छुट्टी रहेगी। जिसमें भी सभी बैंक, स्कूल-कॉलेज, ऑफिस बंद रहेंगे। इस हिसाब से लोगों को लगातार तीन दिनों का अवकाश मिलेगा।

## फीडरों से 15 ताम्बे की राड़ चोरी

**पिपलियामंडी, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** फिडर से 15 ताम्बे की राड़ चोरी होने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। 132 केवी उपकेन्द्र मप्र पाव ट्रासमिशन कंपनी लिमिटेड मल्हारगढ़ में टेस्टिंग सुपरवाइजर, मंदसौर निवासी जगदीशचन्द पिता भंवरलाल कारपेंटर ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि रात्रि में 132 के. व्ही. यार्ड के एक्जलरी बस साइड के आईसोलेटर के विभिन्न फिडरों से 6 पुरानी व 9 नई ताम्बे की राड़ अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने पर भी राड़ का पता नही चला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।



# रेलवे: ढोढर-दलौदा ट्रैक का दोहरीकरण कार्य पूरा

## 20 किमी लंबे हिस्से में ही बचा हुआ था काम, जो अब पूर्ण हो गया

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम मंडल के अंतर्गत नीमच-रतलाम दोहरीकरण परियोजना के तहत ढोढर से दलौदा के बीच की लगभग 20 किलोमीटर लंबी नई दोहरी लाइन पर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ट्रेक के किमी 304.367 से 324.440 तक के इस खंड का शीघ्र ही कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का निरीक्षण प्रस्तावित है।

सीआरएस निरीक्षण से पूर्व ट्रैक की संरचनात्मक गुणवत्ता और संभावित कमियों की जांच के लिए गति परीक्षण रेलवे के निर्माण विभाग की तरफ से किया जाना है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सभी नागरिकों से अपील है कि वे नई रेलवे लाइन के आसपास न स्वयं जाएं और न ही अपने पशुओं को जाने दें। साथ ही आवागमन के लिए केवल समपार फाटकों, अंडरपास या ओवरब्रिजों का ही उपयोग करें।

उल्लेखनीय है कि नीमच-रतलाम खंड के कुल 133 किलोमीटर में से धौसवास-ढोढर और नीमच-मल्हारगढ़ खंडों में दोहरीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इन पर ट्रेन परिचालन आरंभ हो चुका है। शेष खंडों पर कार्य चल रहा है।

## नौ लाख का डोडाचूरा पकड़ा

### ट्रक में प्याज के कट्टों के नीचे छिपाकर रखा था, चालक गिरफ्तार

**रतलाम, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में प्याज से लदे आयशर ट्रक से 440 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। लगभग 9 लाख रुपए कीमत के इस डोडाचूरा को राजस्थान के प्रतापगढ़ से रतलाम लाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।**

माणक चौक थाना प्रभारी अनुराग यादव ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना पर करमदी बायपास रिंग रोड पर घेराबंदी कर एमएच 18 बीजी 4856 नंबर के आयशर ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक में सबसे ऊपर रखे लगभग 100 प्याज के कट्टों के नीचे 21 बोरे डोडाचूरा छिपा हुआ मिला। पुलिस ने ट्रक चालक रमेश पिता भेरुलाल मीणा, निवासी राजौरा, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डोडाचूरा प्रतापगढ़ से लाया था और रतलाम के फोरलेन स्थित किसी ढाबे पर अन्य ट्रक चालक को सौंपने वाला था।

## गाली देने से मना किया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। कचनारा निवासी शांतिलाल बागरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई घर के सामने राहुल पिता बापूलाल बागरी गाली-गलौजज कर रहा था। मना किया तो राहुल के साथ ही किशोर ने मिलकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

## खाद्य आपूर्ति अधिकारी बनकर उगाही

### दो युवकों ने मांगे रुपए, पुलिस को शिकायत

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी बनकर दो युवक सीतामऊमें उगाही करने निकल पड़े। खुद को अधिकारी बताकर दुकानदारों से रुपए भी वसूल किए। इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

शिकायतकर्ता ऑटो डिल का काम करने वाले शाकिर पिता मोहम्मद नूर निवासी सीतामऊने बताया कि शुक्रवार को दो युवक कार क्रमांक एमपी 14 जेडसी 4909 में सवार होकर आए। खुद को अधिकारी बताया और कहा कि दुकान पर घरेलु गैस की टंकी है। इसलिए केस बनाया जाएगा। इसके बाद केस बनाने के नाम पर डराकर पांच हजार रुपए ले गए। इसके अलावा शंकरलाल नामक व्यक्ति से भी डेढ़ हजार रुपए वसूले गए। बाद में व्यवसायियों को पता चला कि खाद्य विभाग से कोई अधिकारी नहीं आए थे। इस मामले में थाने आवेदन के जरिए शिकायत की गई है।

# परेशानी: 30 से शुरु होगा जीआईएस 2.0, अभी कई काम ठप्प

## नामांतरण सहित कई काम अटके, लोग बोले-वैकल्पिक ऑप्शन देना चाहिए था

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मप्र भू-अभिलेख पोर्टल को शासन ने बिना सूचना के 23 जुलाई की रात से बंद कर दिया है। खसरा-पावती निकलवाने से लेकर रजिस्ट्री करवाने और नामांतरण-बंटवारे संबंधी सारे काम ठप हो गए हैं। इससे कृषि भूमि की रजिस्ट्री करवाने पहुंचे पक्षकारों को भी परेशानी उठाना पड़ी। साइड बंद होने से न खसरा नकल निकली और न पावती। दस्तावेज भी कम बुक हुए। ज्यादा फजीहत उन पक्षकारों की हुई जो अन्य शहरों से रजिस्ट्री कराने आए या फिर जिनके सौदे में रजिस्ट्री कराने की तारीख 24 से 29 जुलाई तक थी।

दरअसल सरकार पुराने भू-अभिलेख पोर्टल की जगह प्रदेश के 53 जिलों में नया वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल लांच कर रही है। 30 जुलाई से राजस्व संबंधी सारा काम उसी पर होगा। वैसे तो उपपंजीयक कार्यालय में ही रोज करीब 40-50 दस्तावेज पंजीकृत होते हैं और शासन को 23 से 25 लाख का रेवेन्यू मिलता है। शनिवार-रविवार छोड़ दें तो साइड 4 दिन बंद रहेगी, ऐसे में 01 करोड़ के रेवेन्यू का नुकसान होगा। लोगों का कहना है कि सरकार को अचानक साइड बंद करने की जगह वैकल्पिक लिंक या एप का ऑप्शन देना था।

### ड्रोन सर्वे की गड़बड़ी भी नहीं सुधार रहे...

सरकार एक के बाद एक रेवेन्यू संबंधी पुराने पोर्टल को अपडेट कर नए पोर्टल लांच कर रही है। जिन लोगों के ड्रोन सर्वे के रिकॉर्ड में गड़बड़ी हुई है, उनमें सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहे। पोर्टल पर संशोधन का ऑप्शन नहीं होने से पटवारी सुधार नहीं कर पा रहे। इसके कारण पक्षकारों को रजिस्ट्री कराने में भी दिक्कतें उठाना पड़ रही हैं और निजी भूमि से हाथ धोना पड़ रहा है।

### यह सेवाएं ठप्प...

खसरा, नक्शा और भू-अधिकार ऋण पुस्तिका नहीं निकली। व्यपवर्तन सूचना, न्यायालय आदेश की प्रति नहीं मिली। भू-राजस्व भुगतान भी अटका। भूमि बंधक, दृष्टिबंधक की जानकारी नहीं मिली। नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम आदि के मामले भी अटके।

### वेब जीआईएस 2.0 अधिक तेज और यूजर फ्रेंडली होगा...

संपदा-2.0, साइबर तहसील 2.0 के बाद अब वेब जीआईएस 2.0 को पूरे प्रदेश में लांच किया जा रहा है। पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सिर्फ नृसिंहपुर और सिवनी जिले में शुरू किया था। अब 30 जुलाई से पूरे प्रदेश में भू-अभिलेख पोर्टल की जगह वेब जीआईएस 2.0 पोर्टल लेगा। विभाग के अनुसार यह पोर्टल पहले से अधिक तेज और यूजर फ्रेंडली होगा। इसमें ज्यादा डेटा इंटीग्रेशन, सटीक नक्शे और भूमि रिकॉर्ड की जानकारी मिलेगी।





# लदूसा नरेश भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## चांदी के वागे, कमल के फूल एवं पारिजात के फूलों से किया भगवान का विशेष श्रृंगार

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मालवा के प्रसिद्ध साँवलिया सेठ व लदूसा नरेश भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया। गुरूवार को हुए इस भव्य आयोजन में सांवरिया सेठ की महाआरती बड़वन निवासी भेरूलाल बगदीराम धाकड़ परिवार व पारसमल बापूलाल जैन मंदसौर परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर धाकड़ व जैन परिवार द्वारा महाप्रसादी का भी वितरण किया गया।

मंदिर समिति के महेश व्यास लदूसा ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जिले के ग्राम लदुसा में सैकड़ों वर्ष अधिक पुराने भगवान लक्ष्मीनारायण के मंदिर का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया था। इसके बाद से उक्त मंदिर की कीर्ति जिले सहित आसपास के जिलों में भी फैल रही है क्योंकि यहां प्रतिष्ठित भगवान लक्ष्मीनारायण की मूर्ति राजस्थान के मंडफिया स्थित सांवरिया जी से मिलती है। वहीं हर माह चौदस के दिन भगवान लक्ष्मी नारायण के भंडार खोले जाते हैं इनमें हर माह चढ़ावे की राशि में बढ़ोतरी हो रही है। इस माह भी 5.53 लाख से अधिक रुपए सांवरिया सेठ के भंडारे से एवं बार कोड के माध्यम से 60 हजार रू. की राशि सहित विदेशी मुद्राएं प्राप्त हुई हैं।

**हरियाली अमावस्या पर 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**–महेश व्यास लदूसा ने बताया कि हरियाली अमावस्या के पर्व पर 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने सांवरिया सेठ मंदिर पहुँचकर भगवान के दर्शन किए। गांव लालाखेड़ा से बड़ी संख्या में पैदल यात्रियों में ढोल नगाड़ों बेंडबाजों के साथ पहुँचकर साँवरिया सेठ के दर्शन किए। हरियाली अमावस्या पर भगवान के विशेष श्रृंगार में चांदी के वागे, कमल के फूल एवं पारिजात के फूलों से भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। वही भागवताचार्य पंडित राजेंद्र जोशी करनाखेड़ी भी महाआरती में सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में प्रतिदिन भगवान का श्रृंगार पारिजात के फूलों से किया जाता है।

**सुरक्षा की थी विशेष व्यवस्था** – पूरे गांव को सीसीटीवी कैमरे से मंदिर समिति द्वारा सतर्कता बरतते हुए श्रद्धालुओं को जेबकतरों एवं बाहरी असामाजिक तत्वों से बचाने हेतु विशेष व्यवस्था की गई। इसमें 100 से अधिक वालंटियर, 200 से अधिक गांव के वरिष्ठयुवा समाजसेवियों ने मंदिर दर्शन एवं पार्किंग, भोजनशाला, सायंकाल आरती एवं महाप्रसादी से लेकर की पूरी व्यवस्था संभाली व किसी प्रकार से अव्यवस्था ना हो थाना अफजलपुर से भी पुलिस जवानों ने पहुँच कर सहयोग किया।

# मप्र सराफा एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के पांच व्यापारियों को स्थान मिलने से हर्ष

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन की कार्यकारिणी में मंदसौर स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष अजय सोनी कॉलोनाईजर, जिला सराफा एसोसिऐशन के जिला उपाध्यक्ष अजय बाकलीवाल, जिला सराफा एसोसिऐशन के पूर्व सचिव उमेश पारीख, स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सोनी मेलखेड़ावाला, पूर्व नगर पंचायत शामगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन सोनी शामगढ़ को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर जिले में हर्ष की लहर व्याप्त है। जिसको लेकर पांचों पदाधिकारियों का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत हो रहा है।

सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा ने कहा कि जिले से पांच सराफा व्यापारियों के प्रदेश कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व मिलने से जिले के सराफा व्यापारियों को आ रही परेशानियों को प्रदेश स्तर पर उठाने व उनका निराकरण करने में सुविधा होगी। स्वागत के उत्तर में नवीन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा कि जिले में सराफा व्यापारियों को आ रही समस्याओं को लेकर प्रदेश एसोसिएशन के माध्यम से शासन तक पहुंचाया जाएगा। तथा जल्द ही मंदसौर में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित कर जीएसटी, हॉलमार्क की बारीकियों के बारे में सराफा व्यापारियों को अवगत कराया जाएगा। स्वागत



करने वालों में प्रमुख रूप से सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहनलाल रिछावरा, राजेन्द्र पोरवाल, कैलाश पोरवाल, प्रवीण मिण्डा, मनीष सोनी (लाला), अरविन्द मिण्डा, कमल वोहरा, अशोक फिटिंग, संदीप गुप्ता, अनिल मिण्डा, महेन्द्र मिण्डा, शैलेष मोदी, सोमिल चौरड़िया, विपिन संघवी, विशाल जैन, भानू सोनी, विवेक जैन, दीपक गोठवाल, हेमन्त सोनी, कुणाल मराठा, एवं स्वर्णकार शहर पंचायत के विमल सोनी नेताजी, दीपेन्द्र सोनी धरियावदवाला, हितेश सम्राट, विजय सोनी, राजेश सोनी प्रतापगढ़वाला, अशोक सोनी पतंजलि, जनकूपुरा पंचायत के विजय सोनी मेलखेड़ावाला, मनोहरलाल सोनी रतलाम ज्वेलर्स, जगदीश सोनी अठानावाला, विशाल सोनी, संजय सोनी बिडवाल, जितेन्द्र सोनी धुंधड़का, रमेश सोनी नारायणगढ़वाला, राजकुमार सोनी, हेमंत सोनी आनंद सहित स्नेहीजनों ने पुष्पहार व दुपट्टा व पगड़ी पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।



## कुकड़ेश्वर में नाग पंचमी को भव्य जुलूस, भागवत कथा का विश्राम

**मनासा, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सूर्यवंशी कुमरावत तंबोली समाज कुकड़ेश्वर द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन तंबोली समाज धर्मशाला में रखा गया है। जिसमे व्यासपीठ से कथावाचक पंडित दिलीप त्रिवेदी (श्री अम्बिका धाम, नेगरून) के मुखारविंद से दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक प्रतिरात्री 8 बजे से कथा का प्रसारण किया जा रहा है। दिनांक 29 जुलाई को सुबह 8 बजे धर्मशाला में हवन की आहुतियां के पश्चात ऐतिहासिक रूप से नाग पंचमी का ढोल व डीजे के साथ झुलस सुबह 11 बजे प्रारम्भ होगा। जो नीमच चौक, पटवा चौक, बस स्टैंड, चंपा बाजार, मालवीय चौक व रँगारा चौक होते हुए नई पानमाता जी जुलूस पहुंचेगा। जंहा महाआरती के साथ ही महाप्रसादी होगी।

# मप्र जन अभियान परिषद द्वारा महिलाओं को पौधे एवं बीज वितरण

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत जिला समन्वयक श्री तृप्ति बैरागी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था मंदसौर के तत्वावधान में विकासखंड मंदसौर डिगांव सेक्टर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलिया कराडिया में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, संत श्री गोपाल कृष्ण शास्त्री, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, गुर्जरबर्डिया मंडल अध्यक्ष भेरुलाल सेन, सरपंच अंगूर वाला सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम कलश पूजन कलश यात्रा निकल गई यात्रा के पश्चात उद्बोधन में श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार कहा की पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, नवांकुर सखी योजना के अंतर्गत महिलाओं को पर्यावरण से जोड़कर मध्य प्रदेश सरकार व जन अभियान परिषद की टीम लगातार जिले में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। जिले में जन अभियान परिषद द्वारा जो चलाई जा रही गतिविधियों की पूरी जानकारी विस्तृत से बताई। पर्यावरण के अंतर्गत महिलाओं को बिज एवं पौध वितरण किए गए। जनपद अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि हमें



महिलाओं को अधिक से अधिक वृक्षारोपण में जोड़ना चाहिए ताकि जिले में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगा सके नवांकुर सखी योजना शासन द्वारा चलाई जा रही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की सराहना की की मातृशक्ति भी अब पर्यावरण में अपनी भूमिका निभाऐ। भेरुलाल सेन ने कहा की ग्राम पंचायत पिपलिया कराडिया में वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं कलश यात्रा में महिलाएं ओ भाग लिया आज भी हमारे देश में महिलाओं को सरकार द्वारा शासन की योजनाओं से जो जोड़ा जा रहा है मध्य प्रदेश सरकार नवांकुर सखीजैसी योजनाओं को लाकर पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है सभी महिलाओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक इस अभियान से जुड़े और अधिक से अधिक पौधे लगाए। श्रीमती बैरागी ने मंदसौर जिले में चल रही यात्रा की पूरी जानकारी विस्तृत से बताई। कार्यक्रम के पश्चात नवांकुर सखी बनाया गया मनपुरिया सरपंच चंपा बाई ओंकार जी माली, पूर्णिमा चौधरी, मंगला सोनी, पार्वती सोलंकी, सुशीला बाई पाटीदार, उमा पाटीदार, संतोष सालवी, अनीता गर्ग, राधिका तिवारी एवं गांव की कई महिलाओं को नवांकुर साखी के तहत पौधे एवं बीज थेलिया वितरण की गई कार्यक्रम में कई संस्थाएं डॉ आंबेडकर बाल कल्याण संस्था, निडर युवा सेवा संस्था, सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कार्यक्रम में उपस्थित मंडल पदाधिकारी महामंत्री हीरालाल मालवीय, दशरथ जाट, राजू राठौड़, मानसिंहआंजना, हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल श्री वैष्णव, सुरेश कौशिक, सुधीर शर्मा, महेश दुबे, ओमकार माली, शाहनवाज खान, लाला भाई अजमेरी, मंजू भावसार, सरपंच प्रतिनिधि अनिल सूर्यवंशी, सचिन दिनेश गुर्जर, विनोद सिंह सिसोदिया सहायक सचिव संजय सेठिया, जन अभियान परिषद से अर्चना रामावत, दशरथ नायक, राजू प्रजापत एवं गांव के कई नागरिक उपस्थित रहे। संचालन दिनेश सोलंकी ने किया और आभार परामर्शदाता उषा सोलंकी ने माना।

## योजना क्रमांक 3 मेघदूत नगर में भूखंडों के आरक्षण की प्रक्रिया की



**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** योजना क्रमांक 3 मेघदूत नगर में 86 भूखंड जिसमें एल.आई.जी. व एम.आई.जी. दोनों शामिल है इन भूखंडों को आवंटन की प्रक्रिया नगरपालिका के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है भूखंडों का आरक्षण पारदर्शी रूप से हो तथा भूखंडों में आरक्षित वर्ग को भी भूखंड का लाभ मिले इसके लिए कल शुक्रवार को नगर पालिका सभागृह में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती अनीता चौकोटिया राजस्व वित्त एवं लेखा समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार की उपस्थिति में नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा पारदर्शी तरीके से 86 भूखंड में से 14 भूखंड का आरक्षण किया गया इस आरक्षण में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति दिव्यांग एवं महिला वर्ग के लिए भूखंड आरक्षित रहेंगे भूखंड के आरक्षण की प्रक्रिया के दौरान नगर पालिका सभापतिगण रमेश ग्वाला श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना निलेश जैन राजस्व समिति के सदस्यगण श्रीमती दिव्या अनूप माहेश्वरी श्रीमती पिंकी विनय दुबेला श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवा प्रभारी राजस्व अधिकारी मंगेश नवले नगर पालिका कर्मचारी नरेंद्र परमार शरद जैन प्रवीण शर्मा दीपक दीवान सहित कई कर्मचारिगण भी उपस्थित थे आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नगर पालिका आगामी समय में 86 भूखंडों का पारदर्शी तरीके से आवंटन की प्रक्रिया करेगी

# प्रतिभाशाली बच्चों को श्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश के लिये नि:शुल्क कोचिंग व्यवस्था

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश में प्रतिभाशाली बच्चों को देश के श्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश की कोचिंग के लिये सुपर 100 योजना संचालित कर रहा है। कोचिंग के लिये चयनित बच्चों को विभाग शासकीय सुभाष उच्च.मा.विद्यालय भोपाल और शासकीय मल्हार आश्रम उच्च.मा.विद्यालय इंदौर में निशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के अनेक बच्चों को देश के चयनित इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ और मैनेजमेंट से जुड़े कॉलेजों में प्रवेश मिला है।

**स्कूलों में चयन प्रक्रिया**–सुपर 100 योजना में मेघावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये नि:शुल्क कोचिंग प्रदान किये जाने की व्यवस्था है। इस योजना में प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाता है। इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 26 जुलाई तक दिये जा सकते हैं। परीक्षा की तिथि 3 अगस्त 2025 रविवार को प्रथम पाली में जेईई के लिये और द्वितीय पाली में नीट की परीक्षा होगी। परीक्षा केन्द्र प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय के उत्कृष्टमाध्यमिक विद्यालय में बनाये गये हैं। परीक्षा फार्म शुल्क 200 रूपये प्रति छात्र निर्धारित किये गये हैं। पिछले वर्ष इंदौर और भोपाल के सुभाष उच्च.मा.विद्यालय में करीब 300-300 विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा दिलाई गई थी।

**नि:शुल्क सुविधाएं**–चयनित बच्चों को निशुल्क छात्रावास सुविधा, आधुनिक प्रयोगशाला, स्मार्ट एवं वर्चुअल क्लासेस और बच्चों को करियर काउंसलिंग की बेहतर व्यवस्था रहती है। सुपर 100 योजना के माध्यम से बच्चों को एम्स, आईआईटी के साथ देशभर के अनेक कॉलेजों में प्रवेश मिला है। लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को चयन प्रतियोगी परीक्षा में अधिक से अधिक छात्र शामिल हो सकें, इसके लिये योजना की जानकारी दिये जाने के निर्देश दिये हैं। आवेदन www.mponline. gov.in पर किये जा सकते हैं। परीक्षा का प्रवेश पत्र वेबसाइट www. mpsos.nic.in अथवा मोबाइल एप mpsos से डाउनलोड किये जा सकते हैं। योजना के संबंध में फोन नं-0755-2552106 पर भी संपर्क किया जा सकता है।



## हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण किया

**दलौदा, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय महाविद्यालय दलौदा में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हेमंत धनोतिया, दलौदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा और सुमित सेन ने सहभागिता की। कार्यक्रम में श्री धनोतिया ने कहा महाविद्यालय के ग्राउंड में फलदार, छायादार पौधों को लगाकर, संकल्प लिया कि वृक्ष बनने तक संकल्पित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा ने कहा कि पौधा, लगाते समय शैशव अवस्था में रहता है किंतु बड़े होकर वृक्ष बनने के बाद जीवन पर्यंत आशीर्वाद देता है। इसलिए एक पेड़ अवश्य लगाकर उसकी सेवा वृक्ष बनने तक सेवा करनी चाहिए। सुमित सेन ने पौधों से वृक्ष बनने तक के सफर को जीवन का सर्वोत्तम पल बताया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ माला हकवाडिया ने शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ नोदराम मालवीय, डॉ पवन कुमार पिलौदिया, प्रो तोसिफ नागौरी, डॉ रजाक मेवा फरोश, डॉ गजेन्द्र आर्य, प्रो प्रिया जैन, प्रो मेघा जोशी, प्रो रत्नेश बैरागी, डॉ निधि रावल पालरिया, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, प्रो विकास प्रजापति उपस्थित रहे।

# अखण्ड तिरंगा यात्रा समिति की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त 2025 को दोपहर 4 बजे, आजाद चौक घंटाघर से एक भव्य तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और हमारे सैनिकों की शौर्यगाथा का जश्न मनाना है। यात्रा के समापन पर भारत माता चौराहे पर महाआरती का आयोजन होगा व सुंदर आतिशबाजी भी की जाएगी।



आयोजन को भव्यता प्रदान करने हेतु दशपुर कुंज में अखंड भारत तिरंगा यात्रा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौरव अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए पिछले 8 वर्षों से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। यह तिरंगा यात्रा हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली जाती है जिसमें हजारों देशभक्त भारत माता के जयकारे लगाते हुए शामिल होते है। इस तिरंगा यात्रा वाहन रैली में शहर सहित आसपास क्षेत्र युवा भी बड़ी संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ शामिल होते है। तिरंगा यात्रा के लिए जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए जाऐंगे तथा अधिक से अधिक इसका प्रचार प्रसार किया जावेगा। बैठक में गौरव अग्रवाल, विनोद डगवार, बंशीलाल राठौर, अमन फरक्या, धर्मेंद्र जटिया, निर्मला गुप्ता, पुष्पा कुमावत, कमलेश सिसोदिया, दीपक गाजवा, गोवर्धन कुमावत, विक्रम भैरवा, निरांत बग्गा, नरेंद्र पंवार, विक्की गोसर, कृतिश जैन, राजेश राठौर, जितेश पंड्या, मिथुन वपता, विठ्ठल गुप्ता, मनीष बाबा, दीपेश चौरडिया, अनूप माहेश्वरी, गज्जू सम्राट, पंकज जैन तिलक, रोहित छाबड़ा, प्रवीण दिवाकर, नवीन खोखर, महेश लखारा, अर्पित श्रीवास्तव, गौरव मराठा, आयुष खटोड, लक्की राव मराठा, शुभम सिंह डोडिया, कुलदीप सिंह, दीपक यादव, प्रकाश मूलचंदानी, विजय सोनी, गोठी ठाकुर, योगेश भट्ट, नीलश कुमावत, जितेंद्र कल्याणी, अंकुश डबकरा, योगेश कुमावत, दीपक सिंह मोहनिया, लकी खोखर, गोविंद सांखला, आदित्य तिवारी, धर्मेंद्र राठौड़, जुबेर खान, अजय जाट, इदरीश नागौरी, राकेश ररा, गोपाल बारेठ, नितिन शर्मा, महेंद्र सिंह राणा, सुनील खत्री, कालू सोलंकी, देवेन्द्र सांखला सोनू, नरेंद्र मांडेला, राजेश बाडोलिया, राजू अखेरिया, रामनारायण कुमावत, गोपाल राव, सुरेश सूर्यवंशी बंटी, आयुष सिंह चौहान, आदित्य रावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।



## सांवरिया गौशाला कुंचड़ौद में किया फलदार व फूलदार पौधों का रोपण

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर श्री सांवरिया गौशाला ग्राम कुंचडोद में पौधारोपण किया गया पौधों में फलदार पौधा आम, जामुन, चीकू, सेवफल तथा फूलदार पौधा गुलमोहर आदि का पौधारोपण किया। इस अवसर पर सरपंच कारुलाल भील, उप सरपंच बिहारीलाल गोयल, धुंधडका भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल गुजरिया, गौशाला समिति पदाधिकारी सदस्य कार्यकर्ता योग गुरु बंसीलाल टॉक, प्रेमसुख पाटीदार, कारूराम करा, लक्ष्मीनारायण कुंडेल, गोवर्धन रोडवार, छगन बागड़िया, निर्भयराम पाटीदार, राधाकिशन पाटीदार, समरथ गायरी, राजू परमानंद, शांतिलाल, मनोहर, सूरज दीक्षित, दीपक हाबरीया आदि उपस्थित थे।


# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी

**सामान्य वन मंडल मंदसौर (मध्यप्रदेश)**

Phone-07422-255519 (O) E-mail-dfotmsour@mp.gov.in

## ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

यह सूचित किया जाता है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल के प.क्र./विविध/2025/2725-2726 दिनांक 09.07.2025 से दिये गये निर्देशानुसार इस वन मंडल के वन परिक्षेत्र मंदसौर अंतर्गत आरा मशीन अनुज्ञप्ति धारक श्री कैलाशचंद्र पिता बद्रीलाल शर्मा की मृत्यु हो जाने से उक्त आरा मशीन उनके पुत्र श्री कमलेश शर्मा पिता स्व. कैलाशचंद्र शर्मा, निवासी सुवासरा, जिला मंदसौर के नाम नामांतरण होने से इनके अतिरिक्त परिवार के किसी अन्य सदस्य को इस पर कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को अवगत करावे। समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संजय रायखेरे (भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वन मंडल, मंदसौर


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 130 | 2052 | 2406 |
| उडद | 6 | 2981 | 5000 |
| सोयाबीन | 7174 | 3651 | 4521 |
| गैहु | 5893 | 2600 | 3040 |
| चना | 388 | 5721 | 6127 |
| मसुर | 145 | 6515 | 7450 |
| धनिया | 147 | 5900 | 7230 |
| लहसुन | 15000 | 2100 | 9250 |
| मैथी | 567 | 3358 | 6000 |
| मुंगफली | 479 | 4200 | 4939 |
| अलसी | 1481 | 6565 | 7451 |
| सरसो | 520 | 6600 | 7150 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 94 | 9500 | 11700 |
| प्याज | 5053 | 401 | 1250 |
| कलौंजी | 23 | 16581 | 20881 |
| तुलसी बीज | 7 | 10800 | 14100 |
| डॉलर | 23 | 5900 | 9451 |
| तिली | 256 | 5100 | 9090 |
| जौ | 4 | 2100 | 2350 |
| मटरसुखी | 2 | 3052 | 3200 |
| असालीया | 15 | 6500 | 6651 |
| चियाबीज | 48 | 13601 | 19100 |


# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी

**सामान्य वन मंडल मंदसौर (मध्यप्रदेश)**

Phone-07422-255519 (O) E-mail-dfotmsour@mp.gov.in

## ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

यह सूचित किया जाता है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) म.प्र. भोपाल के प.क्र./विविध/2025/3086 ए-87 बी दिनांक 09.07.2025 से दिये गये निर्देशानुसार इस वन मंडल के वन परिक्षेत्र मंदसौर अंतर्गत आरा मशीन अनुज्ञप्ति धारक श्री परसराम वासुदेव पिता रामेश्वर एवं भोलेशंकर पिता गोपाल निवासी सीतामऊ के नाम से सीतामऊ में संचालित आरा मशीन को श्री राज शर्मा पिता वासुदेव शर्मा निवासी लदूना रोड, सीतामऊ जिला मंदसौर के नामांतरण एवं आरा मशीन वार्ड क्रमांक-14 सुवासरा रोड, कोटेश्वर कालोनी भूमि सर्वे क्रमांक 933/2 जो कि श्री परशराम, श्री गोपाल एवं श्री वासुदेव पिता रामेश्वर शर्मा की भूमि को किराए पर लेकर स्थान परिवर्तन संबंधी प्रकरण में पारिवारिक सहमति के आधार पर नामांतरण होने से इनके अतिरिक्त परिवार के किसी अन्य सदस्य को इस पर कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर इस कार्यालय को अवगत करावे। समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संजय रायखेरे (भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वन मंडल, मंदसौर

# आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स एसोसिएशन का गठन

## मुजावदिया बने अध्यक्ष, पवन कुमावत को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, तकनीकी विकास को मिलेगा सशक्त मंच, युवा विशेषज्ञों को मिलेगी दिशा

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर में तकनीकी समन्वय, वास्तुशिल्प सुधार और ढांचागत विकास को एक संगठित दिशा देने के उद्देश्य से 'आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स एसोसिएशन मंदसौर' का गठन किया गया है। यह संगठन जिले भर के आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियरों को एक मंच पर लाकर शहरी और ग्रामीण विकास की योजनाओं में गुणवत्ता, नवाचार और समन्वय को बढ़ावा देगा। एसोसिएशन की पहली कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें प्रमुख पदाधिकारियों की घोषणा निम्नानुसार की गई। अध्यक्ष आर्किटेक्ट अर्पित मुजावदिया, उपाध्यक्ष इंजीनियर पवन कुमावत, सचिव ऋषभ ममोड़िया, कोषाध्यक्ष राधेश्याम कुमावत, मीडिया प्रभारी विजय पाटीदार मनोनीत हुए।



**वरिष्ठ इंजीनियरों के मार्गदर्शन में हुआ गठन**–इस कार्यकारिणी का गठन मंदसौर के दो प्रतिष्ठित इंजीनियरों अनिल जैन एवं विनोद उकावत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दोनों वरिष्ठों ने अपनी वर्षों की तकनीकी विशेषज्ञता व अनुभव से संगठन की नींव को मज़बूती प्रदान की।

**तकनीकी कार्यशालाओं, सेमिनारों और नगर विकास योजनाओं में निभाएगा सक्रिय योगदान**–एसोसिएशन भविष्य में निर्माण, डिज़ाइन, पर्यावरण संरक्षण एवं तकनीकी गुणवत्ता से जुड़े विषयों पर तकनीकी सेमिनार, जनहित युक्त सलाह, छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन एवं विकास परियोजनाओं में सहभागिता जैसे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

**शहर के सभी तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ने का आह्वान**–एसोसिएशन ने शहर और जिले के समस्त आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियरों से इस संगठन से जुड़ने का आह्वान किया है ताकि तकनीकी दृष्टिकोण से मंदसौर को अधिक विकसित, संगठित और पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील शहर के रूप में स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर खोजेफ़ा , विनोद शर्मा, उदित कोठारी, चित्रांशु कोलेकर , परिवेश शर्मा , शुभम् कुमावत, आदित्य अग्रवाल , गौरव माहेश्वरी, गौरव गुप्ता , अंकित घाटिया, गौरव सेठिया, दीपक जैन , गोविंद मंडेला, कृष्ण सोनी, अक्षय सेठिया, अभिजीत राठौड़, रवि पाटीदार , कमलेश राठौड़, कार्तिकेय आदि उपस्थित रहे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता ने सब जैल गरोठ का औचक निरीक्षण किया

## बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में दिए निर्देश

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा सब जेल गरोठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जेल में बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, विधिक सहायता की उपलब्धता, तथा मानवीय अधिकारों के प्रति जेल प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर, सब जेल गरोठ के जेल अधीक्षक एवं अन्य



जेल अधिकारीगण, तथा संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा निम्न पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

**साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था**–जेल परिसर की स्वच्छता, बंदियों के निवास स्थल की स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।

**भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण**–बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, मात्रा एवं पोषण संतुलन का निरीक्षण किया गया। भोजन में पर्याप्त पौष्टिक तत्व होने चाहिए एवं वितरण प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए,इस पर विशेष बल दिया गया।

**विधिक सहायता एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति**–न्यायाधीश द्वारा विचाराधीन बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर यह जाना गया कि उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त हो रही है अथवा नहीं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जानकारी दी गई एवं जरूरतमंद बंदियों को तुरंत लाभ पहुंचाने हेतु सचिव, डीएलएसए को निर्देशित किया गया।

**मानवाधिकारों की रक्षा**–निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है एवं उनके मौलिक अधिकारों का संरक्षण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की शिकायत के त्वरित निवारण के लिए बंदियों को लीगल एड क्लिनिक की जानकारी प्रदान की गई।

**विशेष श्रेणी के बंदियों पर ध्यान**–वृद्ध, विकलांग एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की स्थिति की विशेष समीक्षा की गई एवं उन्हें प्राथमिकता से विधिक एवं चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। न्यायाधीश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जेल केवल दंडस्थल न होकर सुधारगृह भी है। समाज के हाशिए पर खड़े व्यक्तियों को पुनः मुख्यधारा में लाने हेतु विधिक सहायता तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। निरीक्षण के समापन पर जेल प्रशासन को यह निर्देशित किया गया कि बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया से समय-समय पर अवगत कराया जाए, लीगल एड क्लिनिक को सक्रिय रखा जाए, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सतत समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रहना पड़े।

# प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के विशेष प्रयास करें-कलेक्टर

## कलेक्टर ने पालसोड़ा, भंवरासा में किया स्कूलों का निरीक्षण, कक्षा में विद्यार्थियों के बीच बैठकर अध्यापन कार्य का लिया जायजा







**नीमच, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की पैरेन्टस मीटिंग आयोजित की जाए और अभिभावकों को सभी विद्यार्थियों की नियमित रूप से स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने और उन्हें विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तिर पर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी जाए। अभिभावकों को प्रेरित कर सभी कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने नीमच विकासखण्डि के गांव भंवरासा में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा पालसोड़ा में शा.उ.मा.वि.के निरीक्षण दौरान संबंधित प्राचार्यो और जिला अधिकारी को दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने गांव भंवरासा में प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थित कीचन का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन तैयार करने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होने भोजन की गुणवत्ता को देखा और निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान्ह नहीं पाये जाने पर संबंधित समूह के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने भंवरासा में प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय में कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के साथ बैंच पर बैठकर शिक्षकों द्वारा करवाए जा रहे अध्यापन कार्य का जायजा लिया। कलेक्टंर ने ब्लैक बोर्ड पर चोक से गणित के गुणा, जोड़, घटाव से संबंधित सवाल लिखकर विद्यार्थियों से हल करवाए। उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। उन्होने उ.मा.वि.पालसोडा में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पहुँचकर, छात्र-छात्राओं को शिक्षकों द्वारा करवाए जा रहे अध्यापन कार्य को भी देखा और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों की संख्या उपस्थिति और विद्यार्थियों की संख्या व उपस्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया, कि कक्षाओं में विद्यार्थियों की 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही शिक्षकों की समय-समय पर बैठक कर, अध्यापन कार्य की गुणवत्ता बढाने का भी प्रयास किया जाए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने भंवरासा में आंगनवाडी केंद्र का निरीक्षण कर, बच्चों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होने दर्ज बच्चों की संख्यां, बच्चों को नाश्ता व गर्म पका भोजन वितरण की जानकारी ली। नाश्ते में मीठा दलिया की गुणवत्ता अच्छी पाई जाने पर कलेक्टर ने सराहना की। कलेक्टर ने बच्चों का अपने समक्ष वजन भी करवाया और सेम श्रेणी के बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती करवाने के निर्देश भी कार्यकर्ता को दिए।

**कलेक्टर द्वारा पालसोड़ा में निर्माणाधीन ब्रीज का निरीक्षण**–कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को गांव पालसोड़ा की नदी पर निर्माणाधीन ब्रीज का मौके पर निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होने ग्रामीणों की मांग पर ब्रीज निर्माण से सड़क पर गुजरने वाले ग्रामीणों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखकर, सेतु निगम के अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ चर्चा कर उनके सुझाव अनुरूप ग्रामीण सड़क को ब्रीज से जोड़ने संबंधी संशोधन करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ब्रीज निर्माण का शेष कार्य भी तेजी से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने पालसोड़ा में नेटशेड खेती का किया अवलोकन**–कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार का ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम पालसोडा के किसान श्री राधेश्याम पाटीदार, महिला किसान श्रीमती जशोदा बाई पाटीदार द्वारा 34-34 लाख रूपये की लागत से राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की नेड्शेड योजना के तहत स्थापित किए गये नेटशेड का अवलोकन किया। इसके लिए शासन द्वारा इन किसानों को 17-17 लाख रूपये का अनुदान भी दिया गया है। कलेक्टर ने जसोदा बाई के खेत में नेटशेड में ड्रीप सिंचाई के माध्यम से लगाई गई खीरा ककड़ी का अवलोकन किया और किसानों से चर्चा कर, लागत, नेटशेड के लाभ, होने वाला उत्पादन एवं आमदनी आदि की जानकारी ली। कलेक्टर श्री चंद्रा ने राधेश्याम पाटीदार के खेत पर अरण्डी (केस्टर) की खेती के लिए बीज रोपण भी किया। उन्होने उपस्थित किसानों को पड़ती जमीन पर अरण्डी की भी खेती करने की समझाईश दी। इस मौके पर उप संचालक उद्यान श्री अतरसिह कन्नौजी, श्री विजेश वसुनिया, एसडीएम श्री संजीव साहू, उप संचालक कृषि श्री पी.सी.पटेल भी उपस्थित थे।

# साढे चार वर्षीय गुंजन ने कलेक्टर को सुनाई खुन की जांच की आपबीती दास्तां

## कलेक्टर ने दलौदा, कचनारा, धमनार एवं खिलचीपुरा में आयोजित दस्तक अभियान शिविर का किया निरीक्षण

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा दस्तक अभियान के तहत 05 वर्ष तक के बच्चों को दी जा रही सेवाओं का क्षेत्र भ्रमण कर निरिक्षण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम कचनारा में जांच कराने आई साढे चार वर्षीय गुंजन द्वारा कलेक्टर को खुन की जांच के बारे में आपबीती बताई। गुंजन ने बताया की खून की जांच के दौरान सुई से उसे बिल्कुल डर नहीं लगा, उसने बडे आसानी से खुन की जांच कराई। जांच के दौरान गुंजन का हिमाग्लोबिन सामान्य से कम पाया गया उसे आयरन सीरप आगामी देते हुए अगले 02 माह तक पिलाये जाने की समझाईश दस्तक दल द्वारा दी गई।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान अरोग्य मंदिर दलौदा चौपाटी पर आयोजित दस्तक अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेवा प्रदायकर्ता एएनएम एवं सीएचओ द्वारा दस्तक अभियान के तहत दी जा रही सेवाओं को विस्तृत रूप से बताया गया। भ्रमण के दौरान 50 बच्चों की स्क्रीनिंग होना पाया, जिसमें से 01 अतिगंभीर कुपोषित बच्चें को एनआरसी में भर्ती कराये जाने हेतु रेफर किया गया। दस्तक दल द्वारा 04 बच्चों को गंभीर एनिमिया में चिन्हांकन कर ब्लड ट्रांस्फ्युजन हेतु भी जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इसके पश्चात आयुष्मान अरोग्य मंदिर कचनारा में आयोजित दस्तक अभियान शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 21 बच्चों का स्क्रीनिंग होना पाया गया। दस्तक दल द्वारा 02 बच्चों को गंभीर एनिमिया में चिन्हांकन कर ब्लड ट्रांस्फ्युजन हेतु तथा 02 अतिगंभीर कुपोषित बच्चें को एनआरसी में भर्ती कराये जाने हेतु रेफर किया गया। आंगनवाडी केन्द्र धमनार एवं खिलचीपुरा पर आयोजित दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान प्रथम दिवस ही 80 एवं 90 प्रतिशत बच्चों की स्कीनिंग होने पर कलेक्टर द्वारा दस्तक दलों की प्रशंसा की गई। दस्तक दल द्वारा 04 बच्चों को गंभीर एनिमिया एवं 01 अतिगंभीर कुपोषित बच्चें को रेफर किया गया। जिसमें से 01 बच्चे को जिला चिकित्सालय में ब्लड ट्रांस्फ्युजन भी किया गया। भ्रमण के दौरान जिला कार्यकम प्रबंधक श्री निलेश गर्ग, विकासखण्ड कार्यकम प्रबंधक श्री राकेश शर्मा एवं श्री अमित गोले उपस्थित थे।



## ग्रीन फूड एवं गमला सजाओ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर में हरियाली अमावस्या के अवसरपर ग्रीनफूड एवं गमलासजाओप्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने हरे रंग से संबंधित पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए, जिनमें रचनात्मकता और स्वास्थ्य दोनों का समावेश था। साथ ही भैया बहनों ने अपने मनपसंद पौधों के गमलों को रंग-बिरंगे सजावटी वस्तुओं व रंगों से सजाकर प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और रचनात्मकता का परिचय दिया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भैया-बहनों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के महत्व और स्वास्थ्यप्रद भोजन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य दीदीयों ने भी भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया और पर्यावरण की सुरक्षा में सभी की भागीदारी को आवश्यक बताया।

# नशा-नाश की मूल जड़ है, नशा-शिक्षा ग्रहण का करे, जीवन सफल होगा



**मनासा, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जीवन को बेहतरीन ढंग से जीना है, तो शराब, सिगरेट, गांजा, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थो से दूर रहकर, शिक्षा ग्रहण करने का नशा करे। ताकि आप भी आई.एस., आई.पी.एस. अधिकारी बनकर बेहतरीन जीवन जी सके। उक्त बात पुलिस थाना कुकड़ेश्वर के पुलिसकर्मियों द्वारा नगर में संचालित ग्लोबल विजडम पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में स्कूली छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओ के समक्ष, नशा मुक्ति अभियान के तहत कही।**

दोपहर 1 बजे पुलिस थाना कुकडेश्वर की टीम ग्लोबल विजडम पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में पहुंची। जंहा स्कूली छात्र छात्राओं ने घोष का वादन व पुष्पवर्षा करके पुलिस प्रशासन का स्वागत अभिनन्दन किया। विद्यालय संचालक के राहुल पाटीदार, कोणिक दानगढ व विद्यालय परिवार द्वारा पुलिस प्रशासन का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पुलिस थाना कुकडेश्वर के थाना प्रभारी भीमसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में ए.एस.आई. रामचन्द्र गौड, ए.एस.आई. महेश गिरोटिया, प्रधान आरक्षक चितरंजन पांडे, प्रधान आरक्षक मनोज टांक, प्रधान आरक्षक मंगलेश यादव, प्रधान आरक्षक लक्ष्मणसिंह सिसोदिया, महिला आरक्षक कविता पाटीदार व आ सूचना संकलन लोकेश मालवीय ने मध्य प्रदेश शासन व नीमच जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान तहत विचार रखे व उपस्थित छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को नशा मुक्ति को लेकर शपथ दिलवाई गई।

# दस्तक अभियान में कोई भी बच्चा टीकाकरण से ना छूटे-चंद्रा

**नीमच, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालसोड़ा का निरीक्षण कर, उपचार सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने पालसोडा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्संक पैरामैडीकल स्टासफ, ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या, आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य, ए.एन.सी. जॉंच, बच्चों का टीकाकरण कार्य, एन्टीवेनम की उपलब्धता, औसत प्रसूति की संख्या, कोल्ड चेन, लेबोरिटी में जॉच सुविधा के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने दस्त क अभियान के तहत टीकाकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए, कि दस्तक अभियान में कोई भी बच्चाा टीकाकरण से नीं छूटे।

रोड रेस्ट्रोरेशन कार्य का अवलोकन-कलेक्टर श्री चंद्रा ने गांव पालसोड़ा में जल निगम द्वारा करवाए गये रोड रेस्ट्रोरेशन कार्य को भी मौके पर देखा और ग्रामीणों से पेयजल पाईल लाईन डालने, घरों में नल कनेक्शन, शासकीय संस्थाओं में नल कनेक्शन की उपलब्धता की जानकारी ली। कलेक्टर ने जल निगम महाप्रबंधक को रोड रेस्ट्रोरेशन का गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से करवाने और सभी शासकीय संस्थाओं में नल कनेक्शसन उपलब्ध् करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, बीएम.ओ.डॉ.विजय भारती, महाप्रबंधक जल निगम श्री जितेन्द्रा बिजोरिया व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए उम्मीद (यूएमईईडी ) पोर्टल को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 25 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरकार ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण दक्षता और विकास (यूएमईईडी-उम्मीद) पोर्टल आरंभ किया है। इसको लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि सरकार ने देश भर के विभिन्न वक्फ बोडों के लिए उक्त पोर्टल पर संपत्तियों को पंजीकृत करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है और इस संबंध में विभिन्न वक्फ बोडों की क्या प्रतिक्रिया है। यह पोर्टल देश केगरीब मुसलमानों, विधवाओं और नागरिकों केलिए किस प्रकार लाभकारी होगा और सरकार की देश में, विशेषकर अल्पसंख्यकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु वक्फ संपत्तियों पर आधुनिक स्कूल/कॉलेज खोलने/ स्थापित करने की कोई योजना है।



प्रश्न के जवाब में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बताया कि एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (न्डम्म्क्) अधिनियम, 1995 की धारा 3 (टक) के अनुसार, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने दिनांक 06.06.2025 को न्डम्म्क्केंद्रीय पोर्टल-2025 विकसित और लॉन्च किया है। यह पोर्टल तीन-स्तरीय उपयोगकर्ता संरचना निर्माता, परीक्षक और अनुमोदन पद्धति पर काम करता है ताकि वास्तविक समय में सत्यापित डेटा प्रविष्टि सुनिश्चित की जा सके और मौजूदा औकाफ़ के अप्रासंगिक या गलत विवरणों को अपलोड होने से रोककर डेटा की सत्यता बनाए रखी जा सके। मौजूदा औकाफ़ के विवरण अपलोड करने के तरीके को रेखांकित करने वाला एक विस्तृत उपयोगकर्ता मैनुअल तैयार किया गया है, जिसे सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वक्फ बोर्डों के साथ साझा किया गया है और पोर्टल पर अपलोड किया गया है। अधिनियम, 1995 की धारा 3ख (1) के अनुसार, वक्फ संपत्तियों से संबंधित सभी डेटा को अधिनियम के प्रारंभ होने से छह महीने की अवधि के भीतर अर्थात् दिनांक 08.04.2025 तक केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वक्फ बोर्डों ने उम्मीद केंद्रीय पोर्टल-2025 पर डेटा प्रविष्टि शुरू कर दी है, उनकी वर्तमान स्थिति का विवरण अनुबंध-1 में दिया गया है। उन्होने बताया कि उम्मीद केंद्रीय पोर्टल-2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की संपूर्ण व्यवस्था को स्वचालित करके उनके प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। इससे गरीब मुसलमानों, विधवाओं और अन्य लाभार्थियों के कल्याण के लिए वक्फ संपत्तियों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित होगा, दुरुपयोग को रोका जा सकेगा और कुशल सेवा वितरण को बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब वक्फ संपत्तियों की पूरी क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाएगा, तो यह व्यवस्था कमजोर समुदायों, विशेष रूप से गरीबों और महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इन परिसंपत्तियों का उचित प्रबंधन और रणनीतिक उपयोग अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों और अनाथालयों जैसे महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी संस्थानों की स्थापना को सुगम बना सकता है, जिससे विकास और कल्याण परिदृश्य पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।


इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 26 जुलाई को शाम 5 से रात 8 और रविवार 27 जुलााई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं-✼ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✼ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✼ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✼ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✼ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✼ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✼ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✼ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✼ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✼ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड, मंदसौर सम्पर्क-9424813088


## नाम परिवर्तन

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वर्षा कृपलानी पति जीतेन्द्र अडवानी ने अपना नाम परिवर्तन कर वृद्धि अडवानी पति जीतेन्द्र अडवानी कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम वृद्धि अडवानी पति जीतेन्द्र अडवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता-बी-5, रामटेकरी, नाकोड़ा नगर, मंदसौर (म.प्र.) 458001**

कार्यालय सम्पदा प्रबंधक

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर

## नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी रामटेकरी मंदसौर स्थित सोसाइटी भूखंड क्रमांक 160 श्री बिहारीलाल अड़ावदिया पिता श्री मन्नालाल अड़ावदिया को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय श्रीमती रमा जिंदल पति श्री दुर्गाप्रसाद जिंदल को कर विक्रय पत्र दिनांक 25.02.1983 को इनके पक्ष में निष्पादित करवाया गया था। श्रीमती रमा जिंदल पति श्री दुर्गाप्रसाद जिंदल का स्वर्गवास दिनांक 23.07.2012 एवं इनके पति श्री दुर्गाप्रसाद जिंदल का स्वर्गवास दिनांक 02.07.2022 को हो चुका है। श्रीमती रमा जिंदल पति श्री दुर्गाप्रसाद जिंदल द्वारा उक्त भूखंड की वसीयत अपनी मृत्यु के पूर्व दिनांक 02.01.2002 को अपनी पुत्री श्रीमती नीतू प्रेमी पति शरद प्रेमी के पक्ष में की थी तथा श्रीमती रमादेवी की मृत्यु उपरांत इनके पति श्री दुर्गाप्रसाद जिंदल द्वारा भी उक्त भूखंड की वसीयत अपनी मृत्यु पूर्व दिनांक 15.11.2016 को अपनी पुत्री श्रीमती नीतू प्रेमी पति श्री शरद प्रेमी के पक्ष में की गई थी। उक्त वसीयत, प्रस्तुत दस्तावेजों एवं बैंक में श्रीमती नीतू प्रेमी को किये नामिनी के आधार पर उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती नीतू प्रेमी पति श्री शरद प्रेमी अपने नाम करवाना चाहती है।

अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती नीतू प्रेमी पति श्री शरद प्रेमी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in